# कार्यालय प्राचार्य

# शासकीय होलकर (आदर्श, स्वशासी) विज्ञान महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.)

क्रमांक/ 3705 /2025 दिनांक : 24.06.2025

## आवश्यक सूचना

सत्र 2024–25 अन्तर्गत महाविद्यालय के बी.एस–सी. एवं बीसीए षष्ठम सेमेस्टर मुख्य परीक्षा मई–जून 2025 के समस्त विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि उनका मुख्य परीक्षा मई–जून 2025 का परीक्षा परिणाम इस सप्ताह में घोषित किया जा सकता है। इस हेतु समस्त विद्यार्थी निम्नलिखित निर्देशों का पालन करना सुनिश्चित करें।

1. विद्यार्थियों को उनकी प्रोफाइल पर उनके द्वारा अपलोड किया गया प्रोफाइल फोटोग्राफ परीक्षा विभाग द्वारा स्वीकृत अथवा अस्वीकृत किया गया है। यदि अस्वीकृत किया गया हो तो पुनः अपना पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ प्रोफाइल पर दिये गये निर्देशानुसार अपलोड करें। अपलोड करने के पश्चात् विद्यार्थी का फोटोग्राफ पुनः परीक्षा विभाग अवलोकन करेगा। यदि पुनः फोटोग्राफ अस्वीकृत होता है तो विद्यार्थी पुनः प्रोफाइल पर दिये गये निर्देशानुसार फोटोग्राफ अपलोड करें।
2. विद्यार्थी का प्रोफाइल फोटोग्राफ स्वीकृत होने के पश्चात् ही विद्यार्थी अपना परीक्षा परिणाम देख सकेगा।
3. ऐसे विद्यार्थी जो किसी भी शासकीय योजना के लाभार्थी नहीं हैं वे यह सुनिश्चित करें कि उनकी सभी वर्षो के शुल्क (फीस) जमा किये जा चुके हैं। यदि कोई शुल्क शेष रहता है तो पहले शेष शुल्क ऑनलाइन प्रोफाइल पर जमा करना सुनिश्चित करें। शुल्क शेष रहने की स्थिति में विद्यार्थी अपना परीक्षा परिणाम नहीं देख सकेगा।
4. परीक्षा परिणाम घोषित होने के पश्चात् ऐसे विद्यार्थी जो किसी शासकीय योजना के लाभार्थी हैं और उनकी प्रोफाइल पर उनका परीक्षा परिणाम नहीं दिख रहा है तो वे अपनी योजना से संबंधित सभी दस्तावेज संधारित करके रखें तथा आवश्यकता पड़ने पर सभी योजना संबंधी दस्तावेजों को प्राचार्य कार्यालय में स्वीकृत कराना सुनिश्चित करें।
5. बी.एस–सी. एवं बीसीए षष्ठम सेमेस्टर के समस्त विद्यार्थियों को अपना परीक्षा परिणाम देखने के पूर्व स्वयं की प्रोफाइल पर दिये गये **Feedback Form** को भरना अनिवार्य है।

| | | |
|---|---|---|
| परीक्षा नियंत्रक<br>होलकर विज्ञान महाविद्यालय, इन्दौर | प्रशासनिक अधिकारी<br>होलकर विज्ञान महाविद्यालय, इन्दौर | प्राचार्य<br>होलकर विज्ञान महाविद्यालय, इन्दौर |